देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 62 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
राजनीतिक क्रांति के जनक थे परिकर



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 6 अप्रैल 2019



मौसम — अधिकतम 32.0° न्यूनतम 17.0°

38862.23

**2** तुर्की ने दी अमेरिका को धमकी

**7** पहला विकेट लेने में लगा दिए दस दिन

## संक्षिप्त समाचार

### सुमित्रा महाजन ने किया चुनाव लड़ने से इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर से टिकट को लेकर अनिर्णय की स्थिति पर सवाल उठाते हुए लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। सुमित्रा महाजन ने एक पत्र लिखकर कहा है कि बीजेपी ने अभी तक इंदौर में अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस बारे में पहले ही पार्टी में वरिष्ठों से चर्चा कर ली थी। पत्र में सुमित्रा महाजन ने लिखा, इंदौर से आज की तारीख तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यह अनिर्णय की स्थिति क्यों है? संभव है कि पार्टी को निर्णय लेने में कुछ संकोच हो रहा है।

### जांच एजेंसी के सामने नहीं लिया किसी का नामः मिशेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। अगुस्टा वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूरक चार्जशीट दायर करने के एक दिन बाद शुक्रवार को मामले में नया मोड़ आ गया। दरअसल, कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल ने दिल्ली की एक अदालत को बताया कि उसने पूछताछ के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष डील से जुड़े किसी भी शख्स का नाम नहीं लिया था। मिशेल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजनीतिक अजेंडे के लिए एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।

### असम की जनता को मूर्ख बना रहे हैं मोदीः ममता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
गुवाहाटी। पश्चिम बंगाल की मुख्य्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को असम के धुब्री में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के लोगों को मूर्ख बनाने के लिए नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स और नागरिकता बिल जैसे दो लालीपॉप दिए हैं।

# करप्शन और कांग्रेस का साथ अटूट

## पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बोला जोरदार हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। देहरादून के परेड मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। साथ ही कहा कि कांग्रेस की शासन में भ्रष्टाचार एक्सीलेटर में और विकास वेंटिलेटर में रहता है। साथ ही उन्होंने आतंकवाद, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। इस दौरान उन्होंने केंद्र की योजनाएं गिनाई और विकास के पथ पर देश को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से सहयोग भी मांगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूपी के सहारनपुर में महागठबंधन और कांग्रेस पर तीखे हमले बोले। अमरोहा में भी पीएम ने कहा कि योगी सरकार में पूरे प्रदेश में गुंडागर्दी खत्म हो गई है।



### कांग्रेस बोटी-बोटी करने वालों को सम्मान देती है

सहारनपुर। पीएम मोदी ने जहां जनता को मुजफ्फनगर दंगों की याद दिलाते हुए एसपी–बीएसपी पर हमला बोला, वहीं आरएलडी के बड़े और छोटे चौधरी (अजित सिंह और जयंत चौधरी) को भी निशाने पर लिया। कांग्रेस पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि वे बोटी–बोटी वाले को सम्मान देते हैं और हम बेटी की बात करते हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र को ढकोसला पत्र बताते हुए मोदी ने सवाल किया कि क्या देश को जवानों का मनोबल कम करने वाली सरकार चाहिए। उनका इशारा अफ्सपा की समीक्षा के कांग्रेस के वादे की तरफ था।

### आतंक पर काईवाई में रोते है कुछ लोग

अमरोहा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा में चुनावी रैली में विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि आज जब देश की सेना आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब दे रही है तो न जाने क्यों हमारे देश में कुछ लोगों को रोना आ रहा है। पीएम ने कहा कि आज जब पाकिस्तान पूरी दुनिया में बेनकाब हो रहा है तो भारत में कुछ लोग पाकिस्तान के पक्ष की बात कर रहे हैं।

### एसपी बीएसपी के काल में बढ़ी गुंडागदी

मोदी ने कहा, पश्चिम यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति क्या थी याद कीजिए। पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोई ऐसा दिन नहीं था, जब बहन बेटियों के साथ वारदात न होती हो, व्यापारियों के साथ लूट नहीं होती थी। हमारी यूपी सरकार ने अपराधियों को साफ संदेश दे दिया था कि सुधर जाओ, वरना जेल का रास्ता तैयार है।

### मेरा सम्मान अपका सम्मान

पीएम ने उन्हें यूएई द्वारा दिए गए सम्मान का जिक्र करते हुए कहा, आपके सामने सिर झुकाते हुए मुझे गर्व है कि मैंने भारत का सिर कभी झुकने नहीं दिया। कल ही आपके प्रधानसेवक को यूएई ने वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान जायेद मेडल दिया है, लेकिन यह सम्मान मोदी का नहीं है, बल्कि 130 करोड़ भारतीयों का है। खाड़ी देशों के विकास में योगदान दे रहे लाखों भारतीयों का है। सऊदी अरब ने भी हमें वहां का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया था। दुनिया में भारत की साख बढ़ी है तो इसके पीछे आपका आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि देश की साख बढ़े, इसके लिए मजबूत सरकार का होना जरूरी है। मजबूत सरकार ही बड़े और कड़े फैसले ले पाती है।

# पाकिस्तान की गोलाबारी से एलओसी पर तनाव

## सेना की पोस्ट और रिहाइशी इलाकों में भारी गोलाबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू–कश्मीर में नियंत्रण रेखा से सटे नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तानी सेना के जवानों ने शुक्रवार को एक बार फिर गोलाबारी की है। पूर्व में पाकिस्तान ने गुरुवार शाम भी पुंछ जिले में एलओसी के दो इलाकों में फायरिंग की थी। एलओसी से सटे कई इलाकों में पाकिस्तान बीते 8 दिनों से रुक–रुककर गोलाबारी कर रहा है, जिसके कारण यहां तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान ने शुक्रवार को भी नौशेरा सेक्टर में सेना की पोस्टों के पास मॉर्टार दागे थे, जिसके बाद भारतीय जवानों ने पाकिस्तान की हरकत का मुहतोड़ जवाब दिया।

इसके अलावा एलओसी से सटे कई संवेदनशील इलाकों में गोलाबारी की आड़ में किसी आतंकी घुसपैठ की आशंका को देखते हुए सेना ने सभी जवानों को पूरी तरह से अलर्ट रहने के भी निर्देश दिए।

पाकिस्तान ने इस बार फिर नियंत्रण रेखा पर सेना की फॉरवर्ड पोस्ट समेत तमाम रिहाइशी इलाकों में गोलाबारी की है। हालांकि संघर्ष विराम उल्लंघन की इस घटना में अब तक किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।

पूर्व में पाकिस्तान की ओर से राजौरी और पुंछ जिले में हुई गोलाबारी के दौरान नियंत्रण रेखा पर तैनात बीएसएफ के एक शहीद हो गए थे। इसके अलावा पाकिस्तानी गोलाबारी में एक बच्ची की भी मौत हुई थी।

### पाक ने की थी हवाई घुसपैठ की कोशिश

पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा पर जारी गोलाबारी के दौरान ही पंजाब के खेमकरण में हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश भी की गई थी। पाकिस्तानी वायुसेना के 4 एफ–16 विमानों और एक यूएवी (ड्रोन) को सोमवार सुबह करीब 3 बजे खेमकरण सेक्टर से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ट्रेस किया गया था। रेडार पर पाकिस्तानी विमानों की एयर ऐक्टिविटी का पता चलने के फौरन बाद सुरक्षा अधिकारियों ने एयरफोर्स को अलर्ट किया था, भारतीय वायुसेना की इस सख्त घेराबंदी के कारण पाकिस्तानी जेट्स को भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### भारतीय सेना ने उड़ाई थीं पाक की सात पोस्ट

बता दें कि पाकिस्तानी सेना के जवान बीते हफ्ते से ही पुंछ और राजौरी जिले से सटी नियंत्रण रेखा के इलाकों में भारी गोलाबारी कर रहे हैं। पूर्व में सीजफायर उल्लंघन की घटना का जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान की 7 पोस्टों को उड़ा दिया था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैनिक भी मारे गए थे। हालांकि भारत की विध्वंसक जवाबी कार्रवाई के बावजूद पाकिस्तान ने कई अन्य इलाकों में गोलाबारी की थी।

# मोदी से भी करता हूं प्यारः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुणे। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पुणे में छात्रों के साथ संवाद करने पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले ही उनके प्रति गुस्से की भावना रखते हों, लेकिन वह उनको प्यार करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं पीएम मोदी के प्रति कोई नफरत नहीं रखता हूं लेकिन वह मेरे प्रति गुस्सा रखते हैं। राहुल गांधी के इतना बोलते ही छात्रों ने मोदी–मोदी के नारे लगाना शुरू कर दिया। इस दौरान राहुल मुस्कराते रहे।

राहुल गांधी ने कहा, 22 लाख सरकारी पद खाली हैं। हमें शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की आवश्यकता है और यह रिक्त पदों को भरने से पूरा होगा। जब हम सत्ता में आएंगे तो संसद और राज्य विधानसभाओं का 33 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। राष्ट्रीय स्तर पर सभी नौकरियों का 33 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि राजनेताओं के लिए रिटायरमेंट की उम्र होनी चाहिए। 60 साल के बाद नेताओं को रिटायर हो जाना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी एक विनाशकारी विचार था। इसका भारत की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ा।

### लगे मोदी–मोदी के नारे

# मुस्लिम लीग एक वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### कांग्रेस की सहयोगी पार्टी पर सीएम योगी का विवादित ट्वीट

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच राजनीतिक नेताओं के बीच विवादित बयानों का दौर जारी है। केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी के नामांकन करने के बाद बीजेपी के तमाम नेता कांग्रेस की आलोचना कर रहे हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कांग्रेस की आलोचना के लिए किए एक ट्वीट के कारण विवादों के घेरे में आ गए हैं। योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्वीट में राजनीतिक दल मुस्लिम लीग को एक वायरस के समान बताया है।

योगी ने मुस्लिम लीग और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। योगी ने अपने ट्वीट में लिखा,मुस्लिम लीग एक वायरस है। एक ऐसा वायरस जिससे कोई संक्रमित हो गया तो वो बच नहीं सकता और आज तो मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ही इससे संक्रमित हो चुका है। सोचिये अगर ये जीत गए तो क्या होगा? ये वायरस पूरे देश मे फैल जाएगा।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in